PTA आयात पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया और थाईलैंड से आयात होने वाले शुद्ध PTA (Pure Terephthalic Acid) पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया है।

प्रमुख बिंदु

- वाणिज्य मंत्रालय में नियुक्त अधिकारी द्वारा सनसेट समीक्षा (Sunset Review) के आधार पर की गई सिफारिशों को लागू करते हुए राजस्व विभाग ने PTA पर 27.32 डॉलर प्रति टन एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया गया है।
- PTA पॉलिएस्टर चिप्स के निर्माण प्रयोग होने वाला प्राथमिक कच्चा माल है जो कपड़े, पैकेजिंग, साज-सामान, उपभोक्ता वस्तुओं, रेज़िन और कोटिंग आदि में प्रयोग किया जाता है।

एंटी डंपिंग शुल्क

- सामान्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय मूल्य भेदभाव की स्थिति को डंपिंग कहा जाता है, जिसमें आयात करने वाले देश में बेचे जाने पर किसी उत्पाद की कीमत निर्यातक देश के बाजार में उस उत्पाद की कीमत से कम होती है।
- एंटी-डंपिंग शुल्क डंपिंग को रोकने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में समानता स्थापित करने के लिये लगाया जाता है।
- यह प्रवृत्ति अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये हानिकारक होने के साथ ही उस वस्तु के घरेलू व्यापार को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है तथा यह घरेलू व्यापार को संरक्षित करने का उपाय भी नहीं है।
- WTO द्वारा एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की अनुमति/प्रावधान है।
- एंटी-डंपिंग शुल्क लागू होने की तिथि से 5 वर्ष के लिये वैध होता है। यह अवधि पूर्ण होने पर इसे WTO के डंपिंग रोधी समझौते (Anti-Dumping Agreement) के अनुच्छेद 11.3 के अनुसार सनसेट समीक्षा के पश्चात् पाँच साल के लिये और बढ़ाया जा सकता है।

सनसेट समीक्षा (Sunset Review)

- सनसेट समीक्षा किसी कार्यक्रम या एजेंसी के अस्तित्व की निरंतरता की आवश्यकता का मूल्यांकन है। इसके द्वारा कार्यक्रम या एजेंसी की प्रभावशीलता और प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। यह समीक्षा हर बार एक निश्चित समयावधि के बाद की जाती है।

स्रोत : द बिज़नेस लाइन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/anti-dumping-duty-imposed-on-pta-imports